Literacy rate in Punjab

5083. SHRI IQBAL SINGH : Will the Minister of HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT be pleased to state :

(a) the progress made under literacy programmes in the country particularly in Punjab during the last three years ;

(b) the details thereof in this respect State-wise and U.T.-wise ;

(c) whether Punjab has a lower literacy rate among other states ;

(d) if so, the details thereof and reasons therefor ; and

(e) the steps taken by Government with regard to reducing the illiteracy in the state ?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (DEPARTMENT OF EDUCATION AND DEPARTMENT OF CULTURE) (KUMARI SELJA) : (a) and (b) A statement showing State-wise number of persons made literate under the National Literacy Mission is attached as Annexure. [*See* Appendix 170, Annexure No. 99].

(c) No, Sir. As against the National Literacy rate of 52.21% Punjab has literacy rate of 57.1% according to 1991 census.

(d) Does not arise.

(e) Universalisation of Elementary Education, Non-Formal Education for school drop-outs and Adult Education programmes under National Literacy Mission constitute the three pronged strategy to reduce illiteracy.

इलाहाबाद विश्वविद्यालय को केन्द्रीय विश्वविद्यालय का दर्जा दिए जाने के लिए अनुवर्ती कार्यवाही

5084. श्री सत्य प्रकाश मालवीय : क्या मानव संसाधन विकास मंत्री 18 मार्च, 1994 को राज्य सभा में तारांकित प्रश्न संख्या 288 के दिए गए उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) इलाहाबाद विश्वविद्यालय को केन्द्रीय विश्वविद्यालय का दर्जा दिए जाने के संबंध में योजनेतर व्यय के मौजूदा स्तर का मूल्यांकन करने हेतु विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा नियुक्त समिति की टिप्पणियों को उत्तर प्रदेश सरकार के पास कब भेजा गया था; और

(ख) उत्तर प्रदेश सरकार से उसका उत्तर मंगाने के लिए तत्पश्चात् कितने अनुस्मारक भेजे गए और वे किस-किस तारीख को भेजे गए थे ?

मानव संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा विभाग और संस्कृति विभाग) में उप मंत्री (कुमारी शैलजा) : (क) और (ख) इलाहाबाद विश्वविद्यालय के योजनेतर व्यय के चालू स्तर के निर्धारण के लिए गठित समिति की रिपोर्ट 21 दिसम्बर, 1993 को टिप्पणियों के लिए उत्तर प्रदेश सरकार को भेज दी गई थी। अपेक्षित टिप्पणियां भेजने के लिए राज्य सरकार को 17 और 31 जनवरी, 21 फरवरी, 15 और 28 मार्च तथा 25 अप्रैल, 1994 को स्मरण कराया गया, परन्तु टिप्पणियां अभी तक प्राप्त नहीं हुई।

जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय में उर्दू तथा फारसी भाषाएं पढ़ाया जाना

5085 **श्री जनार्दन यादव** : क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय में उर्दू तथा फारसी भाषाओं और इसी तरह के अन्य विषयों की पढ़ाई कराये जाने का कोई प्रस्ताव सरकार के पास है;

(ख) यदि हां, तो इस प्रस्ताव को कब तक लागू किया जाएगा; और